समाचार

# महापौर ने की भगवान विश्वकर्मा की सांकेतिक पूजा अर्चना

## (नगर के विकास, अमनचैन एवं आमजन की सुख समृद्धि व उत्तम स्वास्थ्य की कामना की)



कोरबा 17 सितम्बर 2020 —महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज निगम की कर्मशाला एवं जल उपचार संयंत्र कोहड़िया में देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की सांकेतिक रूप से पूजा अर्चना की। उन्होने नगर के सर्वांगीण विकास अमनचैन व आमनागरिकों की सुख समृद्धि एवं उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की तथा देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा से इसके लिए आशीर्वाद मांगा।

देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती के परम पावन अवसर पर आज निगम की कर्मशाला एवं जल उपचार संयंत्र कोहड़िया में देवशिल्पी की पूजा अर्चना का सीमित कार्यक्रम सोशल डिस्टेंसिंग एवं कोविड—19 के प्रोटोकाल का पालन करते हुए रखा गया था। कोरोना संकट को देखते हुए मूर्ति स्थापित नहीं की गई थी, केवल देवशिल्पी के तैलचित्र की सांकेतिक रूप से पूजा अर्चना की गई। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की सांकेतिक रूप से पूजा अर्चना की। उन्होने नगर के सर्वांगीण विकास व आमजन की सुख समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य के लिए देवशिल्पी से आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा, पूर्व पार्षद मनकराम साहू, अधीक्षण अभियंता ग्यास अहमद, मुख्य लेखाधिकारी पी.आर.मिश्रा, कार्यपालन अभियंता एम.के.वर्मा, आर.के. भोजासिया, एम.एन.सरकार, विवेक रिछारिया आदि उपस्थित थे।

**जल उपचार संयंत्र का किया निरीक्षण**— महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज कोहड़िया स्थित जल उपचार संयंत्र का निरीक्षण किया। कोहड़िया में नगर निगम कोरबा के 06 एम.एल.डी. एवं 32 एम.एल.डी. के दो पुराने जल उपचार संयंत्र तथा 12 एम.एल.डी. एवं 29 एम.एल.डी. के दो नए जल उपचार संयंत्र स्थापित किए गए हैं, इन चारों संयंत्रों से जलापूर्ति का कार्य किया जा रहा है। महापौर श्री प्रसाद ने इन चारों जल

उपचार संयंत्रों का निरीक्षण कर संयंत्रों के परिचालन का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।